भारत सरकार

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.2891

10.07.2019 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड्स के अंतर्गत निधियों में वृद्धि

2891. श्रीमती साजदा अहमद:
श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:
श्री एंटो एन्टोनी:
श्री एस.आर. पार्थिबन:
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास एमपीलैड्स के तहत स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर विकासात्मक प्रकृति के काम की मदों को शामिल करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस संबंध में दिशानिर्देशों को संशोधित और नए दिशानिर्देश जारी किये हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को एमपीलैड्स के तहत धन जारी करने में देरी के बारे में जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और केरल में उन निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या कितनी है जिन्हें अभी भी निधियां प्राप्त करना बाकी है और निधियां जारी करने में देरी के प्रमुख कारण क्या हैं;

(घ) 16वीं लोक सभा के दौरान एमपीलैड्स कोष की कितनी राशि अनुपयोगी रही; और

(ड.) सरकार द्वारा जिला नोडल एजेंसियों के स्तर पर इस योजना को कारगर बनाने के लिए किए जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) और (ख) योजना का उद्देश्य संसद सदस्यों को स्थानीय स्तर पर महसूस की गई आवश्यकताओं के आधार पर उनके निर्वाचन क्षेत्रों में टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन पर जोर देते हुए विकासात्मक प्रकृति के कार्यों की संस्तुति करने के किए समर्थ बनाना है । इसलिए, स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित विकासात्मक प्रकृति की सभी टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों के सृजन को एमपीलैड स्कीम के अंतर्गत पहले ही अनुमति दी गई है ।

जून, 2016 की स्थिति के अनुसार एमपीलैड्स से संबंधित अंतिम अद्यतन दिशानिर्देश योजना संबंधी नए परिपत्रों सहित सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की सरकारी वेबसाइट www.mplads.gov.in पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं ।

(ग) जी, हां । एमपीलैड्स दिशानिर्देशों के अनुसार मंत्रालय द्वारा एमपीलैड्स निधियों की निर्मुक्ति संबंधित संसद सदस्य के संबंधित जिला प्राधिकारी द्वारा निर्धारित दस्तावेजों की प्रस्तुति के आधार पर की जाती है । निधियों की निर्मुक्ति में विलंब जिला प्राधिकारी से निर्धारित दस्तावेजों के प्राप्त नहीं होने के कारण होती है । केरल के उन निर्वाचन क्षेत्रों, जिन्हें अभी निधियां प्राप्त होनी हैं, की संख्या अनुबंध-I में दी गई है ।

(घ) दिनांक 04.07.2019 की स्थिति के अनुसार 16वीं लोक सभा के दौरान जारी किए गए 11,525.00 करोड़ रुपए में से 1,641.98 करोड़ रुपए उपयोग में नहीं लाए गए हैं ।

(ङ.) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय कार्यों के यथासमय पूर्ण होने, निधियों के उपयोग तथा अपेक्षित दस्तावेजों को यथासमय प्रस्तुत किए जाने पर बल देने के उद्देश्य से राज्य सरकार के साथ नियमित पत्राचार के अलावा वार्षिक पुनरीक्षा बैठक का आयोजन भी करता है । कार्यों के क्रियान्वयन में विलंब तथा दिशा-निर्देशों के उल्लंघन आदि जैसे मामले संज्ञान में आने पर राज्य सरकार/जिला प्राधिकारी को उचित कार्रवाई करने की सलाह दी जाती है ।

****

दिनांक 10.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.2891 के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध-I

केरल के निर्वाचन क्षेत्रों द्वारा अभी तक प्राप्त नहीं की गई निधियों को दर्शाने वाला विवरण (16वीं लोकसभा) (04.07.2019 की स्थिति के अनुसार)

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	माननीय संसद सदस्य का नाम	निर्वाचन क्षेत्र	भारत सरकार द्वारा कुल निर्मुक्ति	नोडल जिलों द्वारा अभी तक प्राप्त नहीं की गई निधियां
1	डॉ. शशि थरूर	तिरुवनंतपुरम	22.50	2.50
2	प्रो. कुरुप्पस्सेरी वर्की थॉमस	एर्णाकुलम	17.50	7.50
3	श्री (एडवोकेट) जोइस जॉर्ज	इडुक्की	20.00	5.00
4	श्री एंटों एंटनी	पत्तनमतिट्टा	22.50	2.50
5	श्री सी.एन. जयदेवन	त्रिशूर	22.50	2.50
6	श्री ई. अहमद	मलप्पुरम	15.00	10.00
7	श्री ई.टी. मोहम्मद बशीर	पोन्नानी	17.50	7.50
8	श्री इन्नसेंट	चालक्कुडी	22.50	2.50
9	श्री जोस के. माणी	कोट्टायम	17.50	7.50
10	श्री के.सी.वेणुगोपाल	आलपुज़्हा	20.00	5.00
11	श्री एम.बी. राजेश	पालक्काड	20.00	5.00
12	श्री एम.आई. शानवास	वायनाड़	17.50	7.50
13	श्री एम.के. राघवन	कोझिकोड	17.50	7.50
14	श्री एन.के. प्रेमचंद्रन	कोल्लम	20.00	5.00
15	श्री पी. करुणाकरण	कासरगोड	22.50	2.50
16	श्री परयपरंपिल कुट्टप्पन बिजु	आलतूर (अनु.जाति.)	20.00	5.00
17	श्री रामचंद्रन मुल्लप्पल्ली	वडकरा	20.00	5.00
18	श्री सुरेश कोडिकुन्नील	मावेलिक्करा(अनु.जाति.)	17.50	7.50
19	सुश्री पी.के.श्रीमती टीचर	कन्नूर	17.50	7.50

*****